भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.862

जिसका उत्तर 21.11.2019 को दिया जाना है

नागालैंड के एन.एच.-2 पर कार्य

862. श्री तोखेहो येपथोमीः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) नागालैंड में राष्ट्रीय राजमार्ग-2 पर दो लेन वाले राजमार्ग के निर्माण की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है; और

(ख) उक्त कार्य के कब तक पूरा होने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख): रारा 2 के 48.18 किमी में 2-लेन बनाने का निर्माण कार्य प्रगति में है। चालू परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नलिखित हैः-

क्रं. सं.	परियोजना का नाम	लंबाई (किमी)	मंजूरी लागत (करोड़ रू में)	पूर्ण होने की लक्ष्य तारीख
1.	रारा-61 (नया रारा-2) के किमी 40.000 से किमी 56.000 तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन में चौड़ीकरण और सुदृढीकरण किया जाना	16.00	167.62	07.12.2020
2.	रारा-61 (नया रारा-2) के किमी 56.000 से किमी 72.400 तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन में चौड़ीकरण और सुदृढीकरण किया जाना	16.40	172.63	07.12.2020
3.	रारा-61 (नया रारा-2) के किमी 168.000 से किमी 183.783 तक पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन में चौड़ीकरण और सुदृढीकरण किया जाना	15.78	217.35	15.11.2020
	कुल	48.18	557.6	

*****